Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 10 October 2024

Dainik Jagran
Page - 05

तय हुई सेल्फ फाइनेंस पीएचडी की फीस

प्रैक्टिकल व नान प्रैक्टिकल विषयों में भी शुल्क निर्धारित, वित्त समिति ने लगाई मुहर

पीएचडी में दिव्यांग एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों का प्रवेश 14 से

गोवि में भोजपुरी लोकगीत पर कार्यशाला 15 से

गोवि में मिशन विकसित भारत पर संचालित होगी परियोजना

रामलीला के मंच से सड़क

अलकनंदा महिला छात्रावास में गूंजे मां दुर्गा के भजन

गोरखपुर : शारदीय नवरात्र पर गोरखपुर विश्वविद्यालय के अलकनंदा महिला छात्रावास में बुधवार को नवरात्रि स्पेशल भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रावास की अभिरक्षिका डा. मीतू सिंह, पूर्व अभिरक्षिका प्रो. शोभा गौड़, विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी डा. अमित उपाध्याय, छात्रावास की अधीक्षिका डा. सोनल सिंह सहित अन्य अतिथियों एवं छात्राओं ने मां भगवती की पूजा-अर्चना एवं देवी गीत प्रस्तुत की।

छात्राओं के भजनों और देवी गीत ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। अभिरक्षिका डा. मीतू सिंह ने कहा कि नवरात्र हिंदू संस्कृति के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। शक्ति की पूजा के रूप में मनाया जाने वाला यह त्योहार सामाजिक एकता एवं सद्भावना का प्रतीक है।

रामलीला के मंच से सड़क सुरक्षा पर किया मंचन

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय के एनएसएस के तत्वावधान में बुधवार को बर्डघाट के रामलीला मैदान के मंच से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता के लिए मंचन किया गया। इस दौरान रासेयो के स्वयंसेवकों ने अपनी प्रस्तुति से हजारों की भीड़ का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि गोवि की कुलपति प्रो. पूनम टंडन और प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी ने मंचन का शुभारंभ किया। एनएसएस के समन्वयक डा. सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में कलाकार के वेष में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सड़क पर सुरक्षित चलने के उपायों का मंचन किया। एसएस समन्वयक ने बताया कि दुर्गा पूजा पंडालों के समक्ष भी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

Amar Ujala
Page - 07, 10

सत्र 2024 से ही सेल्फ फाइनेंस कोर्स में भी शुरू होगी पीएचडी

डीडीयू : वित्त समिति की बैठक में शुल्क निर्धारित, कार्य परिषद में जाएगा मंजूरी को

विकसित भारत@2047 पर डीडीयू की एसोसिएट प्रोफेसर करेंगी शोध, मिला ग्रांट

दो दिवसीय सह शैक्षिक कार्यशाला 13 और 14 को

डीडीयू : भोजपुरी लोकगीत पर कार्यशाला 15 से होगी शुरू

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संस्कृति मंत्रालय, उत्तर प्रदेश के ललित कला एवं संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 29 अक्टूबर तक भोजपुरी लोकगीत कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. उषा सिंह ने बताया कि कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्रों को संस्कृति मंत्रालय की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के पंजीकृत छात्र हैं तो 14 और 15 अक्तूबर को 11 बजे से एक बजे अपराह्न तक विभाग में पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। संवाद

Hindustan
Page - 03, 06

वित्त समिति की बैठक में लिया गया फैसला, शुल्क में निर्धारित

सेल्फ फाइनेंस कोर्स में भी इसी सत्र से पीएचडी

'विकसित भारत@2047' पर शोध करेंगी डॉ. विस्मिता

सीएम ने हॉकी प्रतियोगिता के लिए दी शुभकामना

दिव्यांग और प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों का प्रवेश 14 से

प्रवेश और पंजीकरण की तिथि 20 अक्तूबर तक बढ़ी

गोरखपुर। डीडीयू एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए संचालित नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश एवं पंजीकरण फार्म पूरित कर जमा करने की तिथि 20 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी कुलसचिव ने दी है।

Times Of India

Research project under Viksit Bharat awarded to DDU prof

Times News Network

Gorakhpur: A prestigious research project under the govt of India's ambitious mission Viksit Bharat@2047 has been awarded to Vismita Paliwal, Associate Professor in the Department of Psychology at Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University.

The project, titled "Examining the Role of Mental Health, Sanitation, and Nutrition Literacy among Youth in Secondary and Higher Educational Institutions in Rajasthan and Uttar Pradesh", has received a grant of INR 18 lakh from the Indian Council of Social Science Research (ICSSR) under its Vision Viksit Bharat@2047 initiative.

DDU Gorakhpur University VC professor Poonam Tandon said, "This project reflects the university's commitment to impactful research that directly contributes to the national vision of a developed India by 2047. We are proud to be at the forefront of such meaningful academic work that addresses critical issues affecting our youth." The project as a crucial part of India's academic response to the Viksit Bharat@2047 mission, aligns with the United Nations' Sustainable Development Goals (SDGs), particularly SDG 3 (Good Health and Well-being) and SDG 6 (Clean Water and Sanitation).

Prof Vismita Paliwal (extreme right) with DDU Gorakhpur University VC Poonam Tandon (L)

Amar Ujala
Page - 07, 10

विकसित भारत@2047 पर डीडीयू की एसोसिएट प्रोफेसर करेंगी शोध

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी मिशन पर शोध परियोजना के लिए मिला अनुदान

भोजपुरी लोकगीत पर कार्यशाला 15 से होगी शुरू

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और संस्कृति मंत्रालय, उत्तर प्रदेश के ललित कला एवं संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 29 अक्टूबर तक भोजपुरी लोकगीत कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. उषा सिंह ने बताया कि कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्रों को संस्कृति मंत्रालय की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के पंजीकृत छात्र हैं तो 14 और 15 अक्तूबर को 11 बजे से एक बजे अपराह्न तक विभाग में पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

दो दिवसीय सह शैक्षिक कार्यशाला 13 से

गोरखपुर। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास गोरक्षप्रांत की ओर से दो दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग सह शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन महात्मा गांधी पीजी कॉलेज एवं महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज में 13 और 14 अक्तूबर को होगा। 13 को उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति डॉ. अतुल कोठारी होंगे। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल के उपाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र दुबे और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही रहेंगे। अध्यक्षता गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन करेंगी।

Rashtriya Sahara
Page - 07, 09

विकसित भारत 2047 पर 18 लाख से होगा शोध

- डीडीयू की डॉ. विस्मिता को मिली शोध परियोजना की जिम्मेदारी
- यूपी एवं राजस्थान के सबसे गरीब पांच गांवों का एकत्र होगा डाटा
- विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और पोषण का होगा मूल्यांकन

अब सेल्फ फाइनेंस कोर्स में भी पीएचडी कराएगा डीडीयू

13 दिवसीय भोजपुरी गीतों की कार्यशाला आयोजित होगी

पीएचडी में दिव्यांग व प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों का प्रवेश 14 से

Inext Page - 04

डीडीयू तय हुई सेल्फ फाइनेंस पीएचडी फीस

Swatantra Chetna
Page - 05

विश्वविद्यालय में शोध परियोजना को लगे पंख, प्राप्त हुआ 18 लाख रुपए का अनुदान

व्याख्यात्मक होंगी बीएस-सी कृषि की सेमेस्टर परीक्षाएं

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की बीएस-सी कृषि सत्र 2024-25 एवं आगे के सत्रों की सेमेस्टर परीक्षाएं व्याख्यात्मक स्वरूप में करायी जायेगी।यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक ने दी है। इसके साथ ही इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित बी०टेक की परीक्षाएं व्याख्यात्मक स्वरूप में करायी जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि वाणिज्य संकाय द्वारा संचालित बीबीए-हेल्थकेयर, बीबीए-लाजिस्ट्रीक, बीबीए-रिटेल, बीबीए- हास्पेटिलीटी एण्ड टुरिज्म, बीबीए, एमबीए एवं बीएचएमसीटी की परीक्षाओ को व्याख्यात्मक स्वरूप में कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

पीएचडी में दिव्यांग एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों का प्रवेश 14 से

☐ आज तक शुल्क जमा करेंगे पूर्व प्रवेशित अभ्यर्थी

स्वतंत्र चेतनागोरखपुर।दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पीएचडी कार्यक्रम में दिव्यांग एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों का प्रवेश 14 एवं 15 अक्टूबर को संबंधित विभागों में होगा। दिव्यांग श्रेणी के अर्ह अभ्यर्थियों की सूची तथा आवश्यक निर्देश प्रवेश पोर्टल पर देखे जा सकते हैं।यह जानकारी देते हुए प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रमाणपत्र सत्यापन की इस प्रक्रिया द्वारा प्रवेश प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अपना शुल्क ऑनलाइन 16 एवं 17 अक्टूबर 2024 को जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि शोध पात्रता परीक्षा 2023 के अंतर्गत चयनित सभी अभ्यर्थियों (फुल टाइम एवं पार्ट टाइम) को सूचित किया जाता है कि वे पूर्व घोषित निदेशों के अनुसार विलंबत: 10 अक्टूबर तक प्रथम सेमेस्टर का अपना शुल्क जमा कर दें, अन्यथा उनकी सीट रिक्त मानते हुए अन्य अभ्यर्थियों को आवंटित कर दी जाएगी। शोध कार्यक्रम (फुल टाइम एवं पार्ट टाइम) के प्रथम सेमेस्टर के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क संरचना प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है।

विश्वविद्यालय में 13 दिनों तक चलेगा भोजपुरी लोकगीतों की कार्यशाला

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। संस्कृति मंत्रालय, उत्तर प्रदेश एवं ललित कला तथा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 13 दिवसीय भोजपुरी लोकगीतों की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 15 से 29 अक्टूबर तक 1:30 से 03:30 बजे अपराह्न तक घण्टे की कार्यशाला होगी। विभागाध्यक्ष प्रो० डॉ० उषा सिंह ने बताया कि कार्यशाला में 13 दिनों तक लगातार उपस्थित होने वाले को संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी जो विश्वविद्यालय के पंजीकृत छात्र है वो अपना रजिस्ट्रेशन 14 एवं 15 अक्टूबर को 11 बजे से 01 बजे अपरान्ह तक सम्बन्धित विभाग में करा लें। रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क है।

Super Fast Times

पीएचडी में दिव्यांग एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों का प्रवेश 14 से

सुपर फास्ट टाइम्स

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पीएचडी प्रोग्राम में दिव्यांग एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों का प्रवेश 14 एवं 15 अक्टूबर को संबंधित विभागों में किया जाएगा। दिव्यांग श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं आवश्यक निर्देश प्रवेश पोर्टल पर देखे जा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो० हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रमाण पत्र सत्यापन की इस प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों को 16 एवं 17 अक्टूबर 2024 को अपना शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि शोध पात्रता परीक्षा (आरईटी) 2023 के अंतर्गत चयनित समस्त अभ्यर्थियों (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) को सूचित किया जाता है कि वे पूर्व घोषित निदेशों के अनुसार प्रथम सेमेस्टर के लिए अपना शुल्क 10 अक्टूबर तक जमा कर दें, अन्यथा उनकी सीट रिक्त मानकर अन्य अभ्यर्थियों को आवंटित कर दी जाएगी। शोध कार्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क संरचना प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है।

Rashtra Ki Parampara

डीडीयू में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन विकसित भारत/ 2047 पर डॉ. विस्मिता करेंगी शोध